an>

Title: Need for all-round development in Eastern region of Uttar Pradesh.

श्री हरिनरायन राजभर (घोसी) : अध्यक्ष महोदया, मैं आपके माध्यम से भारत सरकार से यह जानना चाहूंगा कि उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल क्षेत्र में लगभग 300 जिले आते हैं, जैसे - बलिया, आजमगढ़, बनारस, देवरिया, मऊ, इत्यादि, ये जिले सभी स्तर से पिछड़े हुए हैं। वहां शिक्षा की उचित व्यवस्था नहीं है। किसानों की प्राकृतिक आपदाओं से निवारण हेतु कोई उपाय नहीं है। कल-कारखाने और औद्योगिक विकास हेतु उपयुक्त योजना का अभाव है। क्या भारत सरकार यह बताने का कष्ट करेगी कि वहां सुधार हेतु और वहां के विकास हेतु कोई योजना बनायी गयी है?

माननीय अध्यक्ष : श्री केशव प्रसाद मौर्य और श्री शरदी त्रिपाटी को श्री हरिनारयन राजभर द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

श्री के. सुरेश उपस्थित नहीं हैं।